# पहले फोन नहीं उठाते थे बैंकर्स, अब खुद मदद करने को तैयार



सीएम योगी ने अपने आवास पर शिक्षाविदों व पूर्व नौकरशाहों से संवाद किया। -विज्ञप्ति

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 में जब सरकार ने किसानों की ऋणमाफी योजना के क्रियान्वयन के लिए बैंकर्स को फोन किया तो हतोत्साहित करने वाले नतीजे मिले। किसी बैंकर ने फोन रिसीव नहीं किया। पर अब स्थितियां बदल गई हैं। बीते दिनों मुंबई में हुए रोड शो में बैंकर्स व वित्तीय संस्थाओं के सीईओ, एमडी अब खुद प्रदेश के विकास में सहायक बनने की उत्सुकता जताई।

शिक्षण संस्थाओं में रोजगारपरक जानकारी देने के लिए पूर्व नौकरशाहों व शिक्षाविदों की टीम का गठन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी अपार संभावनाओं का प्रदेश है। समग्र विकास के लिए इन्हें जमीन पर उतारना होगा। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त

## सीएम बोले, यूपी में अपार संभावनाओं ने बदला नजरिया

अधिकारियों और शिक्षाविदों के पास सार्वजनिक जीवन का लंबा अनुभव है। उनके अनुभवों से प्रदेश के युवा लाभान्वित होने चाहिए। किसी भी योजना की सफलता के लिए यह जरूरी है कि योजना जिसके लिए बनाई गई है, उसे उसकी जानकारी हो। अच्छी योजनाएं जागरूकता के अभाव में विफल हो जाती हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार, इंडस्ट्री और शिक्षण संस्थाओं के बीच सतत संवाद महत्वपूर्ण है। जीआईएस से पहले विश्वविद्यालयों व अन्य शैक्षिक संस्थानों में युवाओं से संवाद महत्वपूर्ण है। यह समिट किस प्रकार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए उपयोगी होगी, इसकी जानकारी दी जाए।